स्टूडेंट्स के करियर की राह आसान बनाने आ गया

NBT प्लैनेट कैंपस

1 80% से ऊपर

वॉट्सऐप नंबर 8287458706 पर सवाल पूछें।

80% से ऊपर हैं, तो आप बेफिक्र रहिए। मेरिट और एंट्रेंस बेस्ड कोर्स दोनों में आपके लिए मौका है। अगर आप 90% से ऊपर है तो कोर्स के साथ साथ कॉलेज चुनने का भी चांस मिलेगा। इस पर्सेंटेज में कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज, साइंस के ऑनर्स कोर्सेज में डीयू, मुंबई यूनिवर्सिटी, पुणे यूनिवर्सिटी, लॉयला यूनिवर्सिटी-चेन्नै, बनस्थली यूनिवर्सिटी, आंबेडकर यूनिवर्सिटी, कोलकाता यूनिवर्सिटी में एडमिशन का चांस तगड़ा है। डीयू में कॉमर्स ऑनर्स, इंग्लिश ऑनर्स, पॉलिटिकल साइंस ऑनर्स जैसे कोर्सेज की पहली कटऑफ 95% से ऊपर जाती है मगर आखिर की कटऑफ में 80-85% वालों को भी सीट मिल ही जाती है, चाहे पसंदीदा कॉलेज ना मिले। प्रफेशनल कोर्स की बात करें तो ज्यादातर यूनिवर्सिटी और इंस्टिट्यूट में मैनेजमेंट, फैशन, वोकेशनल कोर्सेज, लॉ प्रोग्राम, कंप्यूटर साइंस, टूरिज्म, फूड इंडस्ट्री से जुड़े कोर्सेज में एडमिशन के लिए एंट्रेंस होता है, इसलिए आप अभी कई इंस्टिट्यूट में कोशिश कर सकते हैं। फैशन इंडस्ट्री में एनआईएफटी ऑप्शन है, पर्ल अकैडमी की सभी ब्रांच, एनआईआईएफटी-मोहाली, आईआईएडी-दिल्ली के लिए एडमिशन ओपन हैं। होटल मैनेजमेंट में कई इंस्टिट्यूट में अभी चांस है। न्यू एज कोर्स में ज्यादातर के लिए एडमिशन एंट्रेंस से होता है।

2 60% से 80%

वॉट्सऐप नंबर 8287418908 पर सवाल पूछें।

60-80% के बीच 12वीं का स्कोर है, तो उलझन में ना पड़ें, परफॉर्मेंस बिल्कुल बुरी नहीं है। दिल्ली यूनिवर्सिटी के कुछ कॉलेजों में आपको सीट मिल सकती है, हालांकि यह आपकी कटैगिरी और कोर्स पर निर्भर करता है। इस स्कोर में कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज के ऑनर्स कोर्स में तो डीयू में एडमिशन मुमकिन नहीं है, मगर ओपन यूनिवर्सिटी या दूसरे राज्यों के कॉलेज या बजट अच्छा है तो प्राइवेट इंस्टिट्यूट आपके लिए ही हैं। अगर पोस्ट ग्रैजुएशन की सोची ही है, तो आप या तो रेगुलर बीए या फिर ओपन स्कूल से ऑनर्स कोर्स कर सकते हैं। आंबेडकर यूनिवर्सिटी में दिल्ली के स्टूडेंट्स के लिए 85% कोटा है, वहां अभी भी कोशिश की जा सकती है। डीयू में अगर कोर्स मिल रहा है, तो फौरन एडमिशन लें ले, पसंदीदा कॉलेज के चक्कर में ना पड़ें। अगर आपको एमबीए, एमसीए, जर्नलिजम, सोशल वर्क जैसे प्रोग्राम में दिलचस्पी है, तो ग्रैजुएशन लेवल पर आप कॉमर्स, ह्यूमैनिटीज के टॉप प्रोग्राम की बजाय बीए भी कर सकते हैं। प्रफेशनल कोर्सों में मैनेजमेंट, डिजाइनिंग, चार्टर्ड अकाउंटेंसी, कंपनी सेक्रेटरी के लिए भी कोशिश की जा सकती है। मैनेजमेंट में बेनेट यूनिवर्सिटी-ग्रेटर नोएडा, पीडीपीयू यूनिवर्सिटी-गुजरात, आईआईटीटीएम-नोएडा (बीबीए ट्रैवल एंड टूरिज्म), भारतीय विद्यापीठ-पुणे, जैसे कई इंस्टिट्यूट में एंट्रेंस के जरिए सीट हासिल करने का मौका है।

3 60% से नीचे

वॉट्सऐप नंबर 8287424361 पर सवाल पूछें।

कम स्कोर वालों के लिए ट्रडिशनल, प्रफेशनल और न्यू एज सभी कटैगिरी में एडमिशन का चांस हैं, बस एंट्रेंस वाले इंस्टिट्यूट पर फोकस करें। अगर पर्सेंटेज 55% से भी कम है तो आप कई इंस्टिट्यूट में फिट नहीं हो पाएंगे, ऐसे में डीयू एसओएल, नॉन कॉलिजिएट विमन एजुकेशन बोर्ड - एनसीवेब, इग्नू जैसे ओपन यूनिवर्सिटी में अच्छे स्कोर के साथ ग्रैजुएशन करें और फिर मास्टर्स में पसंद का इंस्टिटयूट पकड़ें। या फिर दूसरे राज्यों की यूनिवर्सिटी/कॉलेज में एडमिशन ले सकते हैं। इंग्लिश ऑनर्स, बीकॉम ऑनर्स, पॉलिटिकल ऑनर्स, बीए, बीकॉम में से कुछ भी करें, इसके बाद सिविल्स एग्जाम, बैंकिंग, जर्नलिज्म, अकैडमिक्स सभी ट्रडिशनल करियर ऑप्शन आपके लिए कॉम्पिटिटिव एग्जाम/एंट्रेंस के साथ ओपन हैं। प्राइमरी, सीनियर सेकंडरी लेवल पर टीचिंग अगर पसंद है, तो आप नर्सरी टीचर्स ट्रेनिंग, बीएलएड, बीएड, फिजिकल एजुकेशन भी कर सकते हैं। साइबर सिक्योरिटी में पीजी डिप्लोमा कोर्स आपको टेक्निकल एक्सपर्ट बनाते हैं। डीयू में ग्रैजुएशन के बाद पीजी डिप्लोमा – साइबर सिक्योरिटी एंड लॉज इसका एक उदाहरण है। फाउंडेशन कोर्स जैसे चार्टर्ड अकाउंटेंट, कंपनी सेक्रेटरी के लिए भी आप ग्रैजुएशन के साथ भी तैयारी कर सकते हैं।

इन यूनिवर्सिटीज में भी कर सकते हैं अप्लाई

दिल्ली में सिर्फ डीयू ही नहीं है। देश की राजधानी में कई अन्य यूनिवर्सिटीज हैं जहां आप 12वीं के बाद एडमिशन ले सकते हैं। यहां न सिर्फ अंडर ग्रेजुएट कोर्स कराए जाते हैं बल्कि कई एड ऑन कोर्सेज के भी ऑप्शन आपको मिल सकते हैं। कौन-कौन सी यूनिवर्सिटी और क्या-क्या हैं इनमें ऑप्शन बता रही हैं कात्यायनी उप्रेती :

आंबेडकर यूनिवर्सिटी



आंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली (एयूडी) में अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम के लिए एडमिशन प्रोसेस शुरू हो चुके हैं। यूनिवर्सिटी ने अपने कैंपस - कश्मीरी गेट और करमपुरा से 7 यूजी कोर्स के लिए एडमिशन करेगा। कोर्सों की लिस्ट में बीए ऑनर्स इको, बीए ऑनर्स इंग्लिश, बीए ऑनर्स हिस्ट्री, बीए ऑनर्स मैथमैटिक्स, बीए ऑनर्स साइकॉलजी, बीए ऑनर्स सोशल साइंसेज एंड ह्यूमैनिटीज और बीए ऑनर्स सोशियॉलजी शामिल हैं। तीन बीए वोकेशनल – टूरिजम एंड हॉस्पिटैलिटी, रिटेल मैनेजमेंट और चाइल्ड सेंटर मैनेजमेंट एंड आंत्रप्रिन्योरशिप शामिल हैं, जो सिर्फ करमपुरा कैंपस से चलेंगे। करमपुरा से बीए – ग्लोबल स्टडीज, सस्टेनेबल अर्बनाइजेशन और लॉ एंड पॉलिटिक्स कोर्स पढ़ाए जाएंगे। इन दो कैंपस और लोदी कैंपस से 19 पीजी प्रोग्राम के लिए भी अप्लाई किया जा सकता है। दिल्ली के लिए 85% सीटें हैं।

लास्ट डेट : 24 जून
www.aud.ac.in